हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 12 सितंबर 2025

4 दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस-प्रशासन का कड़ा संदेश, पंडालों में सुरक्षा व व्यवस्था





## खबर संक्षेप

### दो दिवसीय विशेष पंजीयन शिविर 15 व 16 को

**रायगढ़।** राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 9 एवं 10 अक्टूबर को रायपुर में प्रस्तावित है। रोजगार मेला में भाग लेने वाले आवेदकों के लिए दो दिवसीय विशेष पंजीयन शिविर का आयोजन 15 एवं 16 सितंबर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था खरसिया में किया जाएगा। जिसमें वर्ष 2022 से 2025 तक आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी एवं 10वींए 12वीं डिप्लोमा उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी का निःशुल्क पंजीयन किया जाएगा। राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था खरसिया में संपर्क कर सकते है।

### नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन करने पर होगी कड़ी कार्रवाई

**रायगढ़।** जिले में संचालित सभी निजी क्लिनिक, लैब एवं हॉस्पिटल को छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापना अनुज्ञापन अधिनियम 2010 एवं नियम 2013 नर्सिंग होम एक्टद्ध के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने कहा कि प्रत्येक क्लिनिकए लैब एवं हॉस्पिटल के लिए अनुज्ञा पत्र ;लाइसेंसद्ध और पंजीयन अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति संचालित किसी भी संस्था को अधिनियम का उल्लंघन माना जाएगा और ऐसे संस्थानों के विरुद्ध नियमित प्रक्रिया अनुसार कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंस रहित संस्थानों की जिम्मेदारी सीधे संचालक एवं प्रमुख चिकित्सक की होगी। मरीजों की सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।
सीएमएचओ ने संचालकों से अपील की है कि वे नियमों का पालन करते हुए अपने संस्थान को पंजीकृत कराएं और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में प्रशासन का सहयोग करें।

### भामाशाह सम्मान के लिए 21 तक प्रविष्टियां

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा राज्योत्सव के अवसर पर दानशीलता, सौहार्द एवं अनुकरणीय सहायता प्रदान करने वाले उत्कृष्ठ व्यक्तियों/ संस्थाओं को दानवीर भामाशाह सम्मान' से अलंकृत किये जाने एवं चयनित व्यक्ति/ संस्था को सम्मान के रूप में राशि 1 लाख एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करने का प्रावधान है। अतः उपरोक्तानुसार उत्कृष्ठ व्यक्तियों/ संस्थाओं से 21 सितम्बर तक प्रविष्टियां कार्यालय उप संचालक समाज कल्याण जिला पंचायत के पीछे कार्यालयीन अवधि में आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी समाज कल्याण कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

### जिले में 1196.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 11 सितम्बर तक 1196.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 7.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1372.9 मिली मीटर, पुसौर में 1270.2, खरसिया में 1082.7, घरघोड़ा में 1212.8 में मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### कच्ची महुआ शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**बाराद्वार।** 37 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक प्रवीण राजपूत थाना प्रभारी बाराद्वार द्वारा 9 सितंबर को मुखबीर की सुचना पर ग्राम सरहर, डुमरपारा एवं मुक्ताराजा में दबिश दी। इस दौरान बिकुल राम सतनामी पिता टिकैत राम सतनामी निवासी सरहर थाना बाराद्वार, शंभू राम बंजारे पिता स्वर्गीय नतूराम उर्फ नत्थू राम एवं कुलदीप दिवाकर पिता भगत राम दिवाकर निवासी मुक्ताराजा के कब्जे से 37 लीटर कच्ची महुआ शराब भरी हुई कीमति 37 सौ रुपए को जब्त किया गया।

## कमरे में मिले खून के धब्बे, लाश घसीटने के निशान, नहीं पकड़े गए आरोपी

# राजीवनगर में चार हत्याओं से दहला ठुसेकेला पंचायत

ठुसेकेला पंचायत के राजीवनगर गांव में चार हत्याओं की खबर ने लोगों को दहला कर रख दिया है। सभी के मन में एक ही सवाल पनप रहा है कि आखिर आरोपियों ने इतने जघन्य अपराध को अंजाम क्यों दिया होगा। हत्या की इस वारदात के बाद लोगों में आक्रोश भी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बता दें कि खरसिया स्थित ठुसेकेला पंचायत के राजीवनगर गांव में अज्ञात लोगों ने बुधराम, उसकी पत्नी सहोद्रा उरांव (35), बेटी शिवांगी उरांव (6) व बेटे अरविंद उरांव की निर्मम हत्या कर दी है।

हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच में जुट में गई। जांच में पुलिस को पता चला कि मंगलवार की दोपहर सहोद्रा ने सक्ती जिले के रायपुरा में रहने वाली अपनी छोटी बहन सावित्री उरांव से फोन पर काफी देर तक बात की थी। उस समय सावित्री ने हालचाल पूछने पर सबकुछ ठीक होना बताया था। इसके बाद रात 9 बजे सहोद्रा के घर से किसी ने सावित्री को फोन किया, तब सावित्री ने फोन उठाया तो उधर से कोई आवाज नहीं आई, लेकिन सावित्री को लगा की उसकी बातों को कोई सुन रहा है। इसके बाद फोन कट गया तो सावित्री ने कॉल बेक किया, तब भी कोई फोन उठा कर कुछ नहीं बोल रहा था। रात होने की वजह से सावित्री ने फोन रख दिया और बुधवार की सुबह अपनी बहन को कॉल किया तो फोन बंद आया, जिससे सावित्री को शंका हुई। ऐसे में उसने सहोद्रा के पड़ोसियों को फोन किया तो पता चला कि उनके घर का दरवाजा दो दिन से भीतर से बंद है।

- मृतकों के शव पर आरोपियों ने किया टांगी से हमला

### स्नीफर डॉग के इशारे पर हिरासत में एक आरोपी

स्नीफर डॉग रूबी को जब मौके पर पड़े टांगी को सुंघाया गया तो वह बस्ती होते हुए बुधराम की बुआ के घर पहुंची। जहां कुछ देर इधर उधर घूमने के बाद गांव के तालाब पहुंची। इसके बाद रूबी बोतल्दा चौक तक गई। ऐसे में पुलिस ने बुधराम की बुआ के बेटे मन्नू को हिरासत में लिया है और उससे कड़ी पूछताछ की जा रही है।

### जेल जाने की रंजिश का बदला

गांव वालों व सहोद्रा की छोटी बहन सावित्री उरांव ने बताया कि करीब दो माह पहले बुधराम के घर में दीवार तोड़कर धान, चावल व कुछ पैसों की चोरी हुई थी। इस मामले में सहोद्रा की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर गांव के चार युवकों को गिरफ्तार करते हुए उन्हें जेल भेजा था, शायद इसी रंजिश का भी बदला लिया गया हो? खैर यह बातें तो आशंका और आरोपी तक पहुंचने के आधार हैं। सच्चाई तो पुलिस जांच में ही स्पष्ट हो पाएगा।



घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़।



मृतकों का शव ले जाते परिजन।



### गांव में शराब पीकर हल्ला करने से डोली नीयत

बुधराम शराब पीने का आदी था, ऐसे में उसने शराब के नशे में कई बार गांव में इस बात का हल्ला किया था कि कंपनी में जमीन जाने पर उसे 5 लाख रुपए मिले हैं। जिससे तो लगता है कि इस बात को सुनकर किसी की नीयत डोल गई होगी और उसने अपने साथियों के साथ मिलकर रुपए के लालच में बुधराम सहित उसके परिवार को ही मौत की नींद सुला दी होगी?

### बुधराम के घर से सटे कई घर लेकिन किसी ने कुछ नहीं सुना

मौके पर जाकर देखने से पता चला कि बुधराम के घर से सटे कई घर हैं, जबकि घर के पीछे तरफ भी कई लोग अपने घरों में निवास करते हैं, लेकिन चौकाने वाली बात यह है कि आरोपियों ने एक ही परिवार के चार लोगों की नृशंस हत्या कर दी और किसी ने कुछ नहीं सुना। पूछने पर पड़ोसियों ने बताया कि इस गांव की आबादी करीब 400 है। रात के 8 बजते ही यह गांव पूरी तरह सूना पड़ जाता है।

### कंपनी से मिलने वाली मुआवजा राशि

हरिभूमि के रिपोर्टर ने बुधराम के रिश्तेदारों व गांव वालों से पूछताछ की तो कई ऐसे जवाब मिले, जो हत्या के कारणों की ओर इशारा करते हैं। पहला यह है कि घरघोड़ा के चोटीगुड़ा गांव में बुधराम के दादा, परदादा की पुश्तैनी जमीन है। बुधराम के दादा लोग तीन भाई थे। जिसमें बुधराम के दादा, पिता की मौत के बाद एक पीढ़ी की तरफ से संपत्ति का हकदार बुधराम ही था। जबकि उसके दादा के दो भाइयों के परिवार के और भी कई लोग इसमें हिस्सेदार हैं। करीब सालभर पहले बुधराम को उसकी पुश्तैनी जमीन किसी कंपनी में जाने पर 5 लाख रुपए मिला था, वहीं कुछ ही दिनों में उसे और भी पैसे मिलने वाले थे। ऐसे में यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि कहीं यह जमीन संबंधी मामला तो नहीं?

### की जा रही है जांच

गांव के लोगों से खरसिया पुलिस को सूचना मिली के राजीवनगर के एक घर में खून के धब्बे दिख रहे हैं। सूचना पाकर पुलिस, डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक की टीम मौके पर पहुंची। तब पता चला कि एक परिवार के चार लोगों की घर के अंदर हत्या हुई है और शवों को बाड़ी में दफना दिया गया है। मौके पर टांगी भी बरामद हुआ है, जिससे हत्या की गई है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

**-दिव्यांग पटेल,**
एसपी, रायगढ़

### टांगी से वार के निशान

खरसिया के राजीवनगर गांव में हत्या की सूचना मिलने पर हमारी टीम मौके पर पहुंची थी। सोए हालत में परिवार के सदस्यों पर टांगी से हमला किया गया है। सभी के सिर और गले में कई दफे टांगी से वार के निशान हैं। हत्या के बाद शवों को सड़े पैरावट के नीचे एक फीट गड्ढा खोद कर दफनाते हुए पैरा से ढक दिया गया था।

**-पीएस भगत,**
वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी, फोरेंसिक

# मेडिकल कॉलेज में संभावित इन्फ्लूएंजा के खतरे को लेकर हुआ मॉकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



इन्फ्लूएंजा को लेकर स्वास्थ्य महकमा अलर्ट है। बीमारी से निपटने की तैयारी शुरू कर दी गई है। रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को मॉकड्रिल कर अस्पताल की क्षमता, दवाइयों की उपलब्धता समेत अन्य सुविधाओं को परखा गया। स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर स्व. लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास स्मृति शासकीय चिकित्सालय में संभावित इन्फ्लूएंजा के खतरे और आपात स्थिति से निपटने को लेकर 11 सितंबर गुरुवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान इन्फ्लूएंजा से संक्रमित डमी मरीज को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचते ही अस्पताल प्रशासन हरकत में आ गया। मरीज़ को एम्बुलेंस से उतार कर पीपीई किट पहने स्वस्थ कर्मी ऑक्सीजन सिलेंडर युक्त स्ट्रेचर में लेटाकर वर्तमान में चिन्हांकित आइसोलेशन वार्ड लेकर गए जहां पूर्व से मौजूद पीपीई किट लेस चिकित्सक, स्टाफ़ द्वारा सबसे पहले ऑक्सीमीटर से उक्त मरीज के ऑक्सीजन स्तर की जांच की गई। फिर उसे ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड पर लिटाया गया।ऑक्सीमीटर लगाने के साथ ऑक्सीजन की आपूर्ति शुरू की गई। वहीं वेंटिलेटर व मल्टीपैरामीटर एवाइटल साइन मशीन के माध्यम से जांच व मॉनिटरिंग चिकित्सकों ने की। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा नौ से ग्यारह सितंबर तक मॉकड्रिल करने का निर्देश दिया है। जिसमे मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालय, सीएचसी और पीएचसी में इन्फ्लूएंजा के बढ़ने की स्थिति में नियंत्रण के लिए सर्विलांस गतिविधियों के सुदृढ़ीकरण की जांच की जाए।और अस्पतालों की बेड क्षमताए आइसोलेशन बेडए ऑक्सीजन से जुड़े आइसोलेशन बेड, आईसीयू बेड व वेंटिलेटर से जुड़े बेडों की संख्या, नेबुलाइजर, ऑक्सीमीटर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, ऑक्सीजन सिलिंडर, पीपीई किट आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

## आज से शुरू होगा महाराजा अग्रसेन जयंती महापर्व

**रायगढ़।** अग्र समाज के कुल देव एवं युग पुरुष महाराजा अग्रसेन की जयंती का महापर्व आज से शहर में भव्य रूप से शुरू होने जा रहा है। अग्र समाज के लोग हमेशा की तरह इस जयंती को बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाते हैं। महाराजा अग्रसेन ने विश्व समाज को मानवता, प्रेम, स्नेह और एकता का अमर संदेश दिया और यही संदेश आज भी अग्र समाज के लोगों द्वारा जीवंत रखा जा रहा है।

इस बार की जयंती को ऐतिहासिक और यादगार बनाने के लिए अग्र समाज के सभी पदाधिकारी और प्रभारीगण पूरी तत्परता और समर्पण के साथ जुटे हैं। कार्यक्रम संयोजक सुनील लेंध्रा, अध्यक्ष अनूप रतेरिया, अशोक अग्रवाल, मनीष पालीवाल, उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, कमलेश रतेरिया, आर्यन अग्रवाल, प्रचार प्रसार प्रमुख अधीश रतेरिया, प्रकाश निगानिया, ऐश अग्रवाल और महिला अध्यक्ष श्रीमती रेखा महमिया के मार्गदर्शन में सभी तैयारियाँ पूरी हो चुकी हैं। अग्र समाज अध्यक्ष अनूप रतेरिया ने बताया कि इस बार जयंती का आगाज़ शहर के अग्र समाज के लिए पहली बार आईपीएल शैली की क्रिकेट प्रतियोगिता से किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में होगा। प्रतियोगिता के प्रभारी मुकेश गोयल और विनोद महमिया हैंए जो इस आयोजन को सफल बनाने में अथक प्रयास कर रहे हैं। साथ हीए शाम को सामाजिक संस्थाओं के अग्र प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित होगा और उनके करकमलों द्वारा जयंती महोत्सव का शुभारंभ होगा। प्रचार प्रसार प्रमुख अधीश रतेरिया ने बताया कि इस बार जयंती महोत्सव में लगभग 58 मनोरंजनात्मक और ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

# जूटमिल क्षेत्र में कबाड़ चोर सक्रिय एनएच की रेलिंग तक कर रहे पार



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल क्षेत्र में कबाड़ चोर इतने सक्रिय हैं कि एनएच की रेलिंग को भी चुरा कर ले जा रहे हैं। जिससे पुलिस की रात्रि गश्त पर सवाल उठ रहे हैं। ऐसे चोरों पर शिकंजा कसने के बजाय पुलिस इन चोरियों से खुद को अंजान बता रही है, साथ ही चोरी की शिकायत करने वाले शिकायतकर्ता का इंतजार कर रही है। नेशनल हाईवे-49 में इन दिनों सुरक्षा के लिए लगाई गई लोहे की रेलिंग रहस्यमयी तरीके से गायब होती जा रही हैं। हालात यह हैं कि कई जगहों पर लंबी-लंबी दूरी तक रेलिंग पूरी तरह उखड़ी हुई दिखाई देती है, मानो कभी वहां लगाई ही न गई हो। स्थानीय लोग इसे लेकर न केवल परेशान हैं बल्कि आशंका जता रहे हैं कि यहां स्थानीय कबाड़ चोर सक्रिय हैं और उक्त रेलिंग की चोरी कर रहे हैं। ज्ञात हो कि काशीराम चौक से लेकर केआईटी कॉलेज की तक कई स्थानों पर रेलिंग गायब है। इन रेलिंग का काम सड़क किनारे सुरक्षा प्रदान करना और वाहनों को नियंत्रित करना है अब इनके नदारद होने से दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है।

एनएच 49 पर रेलिंग चोरी की कोई जानकारी नहीं मिली है। अब तक किसी ने भी इस संबंध में थाने में कोई शिकायत नहीं की है।
**प्रशांत राव आहेर**
टीआई, जूटमिल

## प्राचार्य को धमकी दी, पुलिस से झूमाझटकी भी हुई

# गरबा का बैनर हटाने से अभाविप ने स्कूल में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के सबसे पुराने शासकीय नटवर स्कूल में गरबा कार्यक्रम के बैनर को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को उग्र प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान विद्यालय परिसर में तोड़फोड़ की गई और प्राचार्य डॉ. रुबिका वर्गीस को धमकाने तक की कोशिश की गई।

मामला तब शुरू हुआ जब विद्यालय प्रबंधन ने मुख्य द्वार पर लगे गरबा कार्यक्रम के बैनर से भारत माता, रायगढ़ की कुलदेवी बुढीमाई और चंद्रहासिनी देवी की तस्वीरें यह कहते हुए हटा दिया कि यह शिक्षा से जुड़ा कार्यक्रम नहीं है और इससे विद्यालय की सुंदरता प्रभावित हो रही है। इस कदम को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने हिंदू धर्म का अपमान बताया और विरोध शुरू कर दिया।



स्थिति बिगड़ने पर कोतवाली थाना प्रभारी सुखन्दन पटेल और तहसील कार्यालय के नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचे। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झूमाझटकी भी देखने को मिली। हंगामे के बीच कार्यकर्ताओं ने विद्यालय की शिकायत पेटी तोड़ दी, जिसमें उन्हें 2022 का एक पत्र मिला। यह पत्र एक छात्रा ने विद्यालय प्रबंधन को दिया था, जिसे अब तक नहीं खोला गया था। इस पर एबीवीपी ने प्रबंधन पर छात्राओं की शिकायतों को अनदेखा करने का आरोप लगाया। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य पर धर्म के आधार पर पक्षपात करने का भी गंभीर आरोप लगाया। वहीं, प्राचार्य डॉ. रुबिका वर्गीस ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है और यहां केवल शिक्षा से संबंधित गतिविधियां ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गैर-शैक्षणिक बैनर लगाने से विद्यालय का अनुशासन और सौंदर्य प्रभावित होता है। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रचार्य ने एसडीएम और विधायक ओपी चौधरी के निजी सचिव को सारी जानकारी दी । बीवीपी ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते हुए प्राचार्य के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। फिलहाल प्रशासनिक जांच अभी जारी है।

# पुणे-हटिया एक्सप्रेस में महिला यात्री की मौत

**रायगढ़।** गुरुवार को पुणे-हटिया एक्सप्रेस में अज्ञात कारणों से एक महिला यात्री की मौत हो गई। जीआरपी द्वारा मेडिकल कॉलेज में महिला के शव का पीएम करा कर उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अजमेरून खातून पति नवसाद अंसारी (40) ग्राम घटियारी नीचेटोला, चन्द्रपुरा, बोकारो (झारखंड) की रहने वाली थी। गुरुवार को वह परिवार के साथ पुणे-हटिया एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी में यात्रा कर रही थीं। बताया जा रहा है कि वह शुगर की मरीज थीं। ट्रेन जब चम्पा स्टेशन के आसपास पहुंची तभी अचानक उसकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई।



यात्रियों ने तत्काल रेलवे हेल्पलाइन और रेल मदद पोर्टल के माध्यम से सूचना दी। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे ट्रेन जैसे ही रायगढ़ पहुंची रेल चिकित्सकीय टीम द्वारा उसे जांच करने पर उसकी मौत हो गई। जीआरपी द्वारा महिला के शव का मेकाहारा में पीएम करा कर उनके परिजनों को सौंप दिया गया है। महिला की मौत किन कारणों से हुई है यह अभी अज्ञात है, पीएम रिपोर्ट आने पर ही इसका खुलासा होगा।

# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार को जिले में निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। इस बैठक में प्रभारी मंत्री श्री चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के बजट में स्वीकृत, प्रगतिरत एवं अप्रारम्भ कार्यों की जानकारी सभी विभागों से ली।

■ प्रभारी मंत्री ने जिले में संचालित निर्माण कार्यों की ली समीक्षा बैठक

उन्होंने जशपुर में पीएम जनमन योजनांन्तर्गत किये जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए इन्हें प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के सुदूर वनांचलों में विकास करना शासन का लक्ष्य है, पीएम जनमन योजना, धरती आबा ग्राम उत्थान योजना द्वारा इन क्षेत्रों का समन्वयित विकास किया जाना है। योजनांन्तर्गत किये जा रहे कार्यों में कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और कर्मठता के साथ प्रत्येक कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को आपस में चर्चा कर समन्वय के साथ काम करने की अपील भी की। उन्होंने जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए दनगरी जलप्रपात पहुंच मार्ग सहित अन्य आवश्यक निर्माण कार्यों जल्द से जल्द पूरा कराने को कहा। उन्होंने सभी निर्माण कार्य कराने वाले विभागों की समीक्षा कर कहा कि जशपुर एक आदिम बहुल जिला होने के साथ मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का गृह जिला भी है इसे हमें एक मॉडल के रूप में विकसित करना है।


समीक्षा बैठक लेते प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी।


प्रभारी मंत्री का स्वागत करते कलेक्टर व अन्य अधिकारी।

### प्रभारी मंत्री चौधरी के आगमन पर भव्य स्वागत

वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओपी चौधरी गुरूवार को एक दिवसीय प्रवास पर जशपुर पहुंचे। उनके आगमन पर सर्किट हाउस परिसर में उन्हें पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। स्वागत करने वालों में विधायक और सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के चेयरमैन राजीव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, कृष्ण कुमार राय, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, पार्षदगण फैजान सरवर खान और देवधन नायक, उपेन्द्र यादव, कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक और एसडीएम विश्वास राव मस्के शामिल रहे।


हरि झंडी दिखाकर रथ को किया रवाना।

### मुफ्त बिजली योजना रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने गुरूवार को सर्किट हाउस परिसर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के शहरों और गांवों में भ्रमण कर लोगों को योजना की जानकारी देगा और इसके लाभों से अवगत कराएगा। इस अवसर पर विधायक एवं सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, कृष्ण कुमार राय, श्री ओम प्रकाश सिन्हा, कलेक्टर रोहित व्यास, अधीक्षण यंत्री केवी मैथ्यू, कार्यपालन यंत्री जशपुर विनोद पंडित, कार्यपालन यंत्री कुनकुरी एसपी मरकाम, कार्यपालन यंत्री परियोजना मकेश्वर साय सहित जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि यह योजना उपभोक्ताओं को बिजली उपभोक्ता से ऊर्जा दाता बनने का अवसर प्रदान करती है।

## खबर संक्षेप

### पत्थलगांव में बनेगा मॉर्डन बस स्टैंड

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री की घोषणा अनुरूप नगर पालिका परिषद



पत्थलगांव को आधुनिक बस स्टैंड निर्माण हेतु 5 करोड़ रुपये की अंतिम स्वीकृति प्रदान की गई है।मुख्यमंत्री की घोषणा पूरी होने पर नगर वासियों ने उनका आभार जताया है। पत्थलगांव में बनेगा अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बस स्टैंड मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पत्थलगांव वासियों को बड़ी सौगात दी है, अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बस स्टैंड में यात्रियों के लिए प्रतीक्षालय, पेयजल, शौचालय, पार्किंग, टिकट काउंटर एवं अन्य आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी, साथ ही नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। यह सौगात मिलने पर पत्थलगांव क्षेत्र के नागरिकों में हर्ष की लहर है। लंबे समय से यहाँ के लोग आधुनिक बस स्टैंड की मांग कर रहे थे। इसके निर्माण से यात्रियों को बेहतर सुविधा तो मिलेगी ही, साथ ही नगर के यातायात प्रबंधन में भी सुधार होगा।

### पीएम आवास योजना ग्रामीण के लिए प्रगति सभा



**जशपुरनगर।** कलेक्टर श्री रोहित व्यास के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में प्रथम चरण में सर्वाधिक लंबित आवास वाले ग्राम पंचायतों में 8 सितंबर से प्रगति सभा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके लिए समस्त ग्राम पंचायतों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रगति सभा के आयोजन का मुख्य उद्देश्य हितग्राहियों का उन्मुखीकरण एवं उनकी समस्याओं का तय समय सीमा में निराकरण करते हुए आवास को पूर्ण किया जाना है। वर्तमान में कृषि कार्य एवं अत्यधिक बारिश के कारण हितग्राहियों को किस्त की राशि प्रदाय होने उपरांत कार्य बंद होने की स्थिति में अब गति देने की आवश्यकता है। इस हेतु 08 सितम्बर 2025 को प्रगति सभा का आयोजन किया गया। उक्त प्रगति सभा में संबंधित ग्राम पंचायतों के आवास नोडल अधिकारी, तकनीकी सहायक, सचिव,सरपंच, उपसरपंच, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, रोजगार सहायक, आवास मित्र, महिला स्व सहायता समूह के सदस्य, स्थानीय मैटेरियल सप्लायर, राजमिस्त्री आदि के साथ-साथ जिले एवं जनपद स्तर के अधिकारी को भी शामिल होने हेतु निर्देश दिए गए है।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कांसाबेल तहसील अंतर्गत ग्राम सिहारबुड़, निवासी स्व. घासी राम का कुआं के पानी में डूबने से 04 जुलाई 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पुत्र ब्रिजकुमार सिदार एवं रोहित सिदार हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में अब तक 9450.0 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 9450.8 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 11 सितम्बर तक की स्थिति में 9079.0 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 43.4 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 1098.9 मिमी, मनोरा में 1177.5 मिमी, कुनकुरी में 1301.5 मिमी, दुलदुला में 590.9 मिमी, फरसाबहार में रिकार्ड की गई है। 749.1 मिमी, बगीचा में 1029.5 मिमी, कांसाबेल में 863.3 मिमी, पत्थलगांव में 861.5 मिमी, सन्ना में 1085.2 मिमी एवं बागबहार में 693.4 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### फिर संकीर्ण पुलिया बनी दुर्घटना का कारण

# सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

लगातार हो रहे सड़क हादसों में इजाफा हो रहा है.इन सड़कों पर बेख़ौफ़ होकर चल रही वाहनों पर लगाम लगाने के बाद भी सफलता नही मिल रही हैं.फिर एक बार सड़क हादसे में एक अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गई.

जानकारी के अनुसार कोतबा से लैलूंगा जाने वाली मुख्यमार्ग भेलवागोडा के पास बने संकीर्ण पुलिया पर घटित हुआ.बताया जा रहा है कि कोतबा और से अपनी मोटरसाइकिल में मृतक चमरुराम मांझी उम्र 45 वर्ष व साथी अनिल मिंज अपने घर ढलाई करने के लिए गिट्टी खदान कार्रबेवरा जा रहे थे.इसी दौरान पीछे से आ रही ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी.इस घटना में चालक अनिल मिंज को मामूली चोटें आई है.लेकिन पीछे बैठे मृतक चमरुराम के दोनों पैर बुरी तरह चकनाचूर हो गये.मृतक और घायल तुमला थाना क्षेत्र के भेलवा पंचायत के रहने वाले बताये जा रहें है। घटना के बाद आनन-फानन में दोनों लोगो को कोतबा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां एक कि मृत्यु हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक मुख्य मार्ग पर बने पुलिया पुराने जमाने के हैं. पूर्व में बने नये सड़क निर्माण के दौरान उसे नही बनाया गया बल्कि रिपेयरिंग कर छोड़ दिया गया था.इसी कारण वहां आये दिन हादसे होते रहते हैं।लोगों ने उक्त पुलिया को तत्काल बनाये जाने की मांग की है ताकि आये दिन अपघटित घटनाओं से बचा जा सके।कोतबा पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन की पतासाजी की जा रही है.जल्द ही उसकी गिरफ्तारी की जाएगी।


घटना स्थल पर अधेड़ की लाश।

# कुनकुरी नपं अध्यक्ष के खिलाफ अग्रवाल समाज का फूटा गुस्सा

**जशपुरनगर।** कुनकुरी के कांग्रेसी नगर पंचायत अध्यक्ष विनयशील की आपत्तिजनक फेसबुक पोस्ट से अग्रवाल समाज का आक्रोश फूटा है। गुरुवार को समाज के सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे और जय स्तम्भ चौक पर विनयशील का पुतला दहन किया व नारेबाजी के साथ विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद आक्रोशित समाज ने रैली की शक्ल में कुनकुरी थाना पहुंचे और थाना प्रभारी को आवेदन सौंपते हुए विनयशील के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

■ पुतला दहन कर एफआईआर दर्ज करने की मांग

समाज की प्रतिष्ठा धूमिल करने एवं जातीय द्वेष फैलाने वाला बयान

अग्रवाल सभा कुनकुरी के अध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मुरारीलाल अग्रवाल, राधेश्याम जिंदल और बृजभूषण अग्रवाल ने आवेदन में कहा कि विनयशील ने फेसबुक पर भड़काऊ और अमर्यादित पोस्ट लिखी। पोस्ट में उन्होंने लिखा बीजेपी के लिए एक अग्रवाल की जान की कीमत 50 लाख है और एक आदिवासी, ओबीसी यादव और कुम्हार की जान की कीमत 5 लाख है।


रैली निकालकर थाना जाते अग्रवाल समाज के सदस्य।

## अवैध पार्किंग शुल्क पर परिवहन व्यावसायियों का फूटा गुस्सा



हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

वेदव्यास अंचल में राउरकेला गुड्स ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन (आरजीटीए) की एक जरूरी बैठक आयोजित की गई, जिसमें पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक में परिवहन व्यवसायियों ने अवैध पार्किंग शुल्क वसूली पर कड़ी नाराजगी जताई और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

आरजीटीए अध्यक्ष बसंत जेना ने कहा कि राजगांगपुर क्षेत्र में गाड़ियों से मनमाने शुल्क लिए जा रहे हैं। कई बार तो बिना गाड़ी पार्क किए सिर्फ रास्ते से गुजरने पर ही पैसों की मांग की जाती है। उन्होंने इसे पूरी तरह अनुचित ठहराया और इसे रोकने के लिए प्रशासन को कड़ा कदम उठाने की अपील की। वहीं, राउरकेला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के परिवहन सचिव एवं आरजीटीए के पूर्व महासचिव मोहम्मद सलीम ने आरोप लगाया कि राउरकेला इस्पात संयंत्र के सामने भी गाड़ियों से पार्किंग शुल्क के नाम पर जबरन वसूली की जाती है। यह सब सीआईएसएफ जवानों, संयंत्र कर्मचारियों और माल लोडिंग-अनलोडिंग करने वाले लिफ्टरों की मौजूदगी में खुलेआम होता है।

व्यवसायियों ने कहा कि यह प्रवृत्ति अब गुंडागर्दी का रूप ले चुकी है और इससे परिवहन कारोबार प्रभावित हो रहा है। इसी विषय पर 12 सितंबर, शुक्रवार को फिर से आरजीटीए की एक अहम बैठक बुलाई गई है, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी।

# उत्तर प्रदेश से सकुशल बरामद नाबालिग

**जशपुरनगर।** जिले के थाना बगीचा क्षेत्र से गुम हुई 14 वर्षीय नाबालिग बच्ची की बरामदगी ने न केवल परिजनों की चिंता को समाप्त किया बल्कि जिले के लोगों में पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता को लेकर विश्वास भी बढ़ाया। पुलिस की विशेष टीम द्वारा संचालित "ऑपरेशन मुस्कान"के तहत बच्ची को उत्तर प्रदेश के ग्राम अर्दा से सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा गया।

मिली जानकारी के अनुसार मामला 17 अगस्त की शाम का है। प्रार्थी ने थाना बगीचा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 14 वर्षीय बहन खाना खाकर आरोपी चंद्रमुनि बाई के घर सोने के लिए गई थी। अगले दिन तक बालिका घर वापस नहीं लौटी। परिजनों ने जब आरोपिया के घर जाकर पूछा तो पता चला कि वहां न तो बच्ची है और न ही आरोपी। इस पर परिवार ने तुरंत पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।


आरोपी महिला पुलिस गिरफ्त में।

■ आपरेशन मुस्कान से परिजन के चेहरे पर लौटी मुस्कान

### पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

गुम बच्चों के मामले में संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने तुरंत विशेष टीम का गठन किया। टीम में शामिल थे थाना प्रभारी निरीक्षक संतलाल आयाम, सहायक उप निरीक्षक उमेश प्रभाकर, महिला प्रधान आरक्षक पुन्नी यादव, और आरक्षक श्याम सुंदर भगत। टीम ने मुखबिरी तंत्र, तकनीकी साधन और परिजनों के सहयोग से खोजबीन शुरू की। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी महिला ने बालिका को बहला-फुसला कर अपने साथ उत्तर प्रदेश ले गई है। तकनीकी जांच और मुखबिरी से यह जानकारी मिली कि आरोपी चंद्रमुनि बाई (उम्र 30 वर्ष) उत्तर प्रदेश के ग्राम अर्दा, थाना रुधौरी, जिला बस्ती में एक फार्म हाउस में काम कर रही है। उसके साथ नाबालिग बच्ची भी मौजूद थी।

### सकुशल हुई बरामदगी

पुलिस टीम ने तुरंत उत्तर प्रदेश रवाना होकर आरोपी को हिरासत में लिया और बालिका को सकुशल बरामद किया। बालिका के साथ किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। इसके बाद बच्ची को परिजनों के सुपुर्द किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### ऑपरेशन मुस्कान निरंतर जारी रहेगा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि पुलिस गुम बच्चों के मामलों में अत्यंत संवेदनशील है। थाना बगीचा क्षेत्र से गुम हुई नाबालिग बच्ची को उत्तर प्रदेश से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। ऑपरेशन मुस्कान निरंतर जारी है।

## अपोलो में हंगामा, आयुष्मान कार्ड में इलाज से इनकार का आरोप

**राउरकेला।** सेक्टर-19 स्थित अपोलो अस्पताल एक बार फिर विवादों में घिर गया है। बुधवार देर रात एक महिला मरीज के परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए हंगामा मचा दिया। आरोप है कि अस्पताल ने आयुष्मान कार्ड पर इलाज से इनकार कर दिया और आधी रात को मरीज को बाहर ले जाने की धमकी दी। सूचना मिलते ही भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अस्पताल पहुँचकर प्रशासन से बात करने की कोशिश की, लेकिन कोई वरिष्ठ अधिकारी सामने नहीं आया। इससे आक्रोशित परिजनों और भाजपाइयों ने नारेबाजी शुरू कर दी। इस दौरान नाइट ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर से भी तीखी बहस हुई। मौके पर मौजूद अन्य परिजनों ने भी कई गंभीर आरोप लगाए। किसी ने कहा कि शव नहीं सौंपा जा रहा, तो किसी ने इलाज के लिए भारी रकम वसूलने और मरीज को ले जाने का दबाव बनाने की शिकायत की। यहाँ तक कि पास के इस्पात जनरल अस्पताल से लाए गए मरीज की एंबुलेंस के लिए 3,500 रुपए वसूलने का मामला भी सामने आया। हंगामा बढ़ते देख पुलिस पहुँची और समझाइश देकर माहौल शांत कराया। हालांकि भाजपा नेता बिरेन पती ने चेतावनी दी कि यदि अस्पताल प्रशासन ने अपना रवैया नहीं बदला, तो आने वाले दिनों में बड़ा आंदोलन होगा।

■ परिजनों ने जमकर की नारेबाजी, डॉक्टरों से बहस

# उपुरडा में ग्रामीणों ने पांच चोरों को रंगे हाथ पकड़ा, सामान भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

बणाई थाना क्षेत्र के उपुरडा गाँव में बीते एक सप्ताह से लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों का सब्र टूट गया। बुधवार सुबह गाँव के जागरूक युवकों ने मिलकर पाँच चोरों को रंगे हाथ पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

■ लगातार वारदातों से परेशान ग्रामीणों ने दिखाई हिम्मत

जानकारी के अनुसार पकड़े गए चोरों के नाम दिलीप किसान उर्फ पट किसान, पदुराम पलाई उर्फ पादु, कार्तिक किसान उर्फ गुइंए, आकाश नायक और अकिन्त किसान हैं। ये सभी देर रात गाँव में घुसकर घरों और दुकानों से चोरी कर रहे थे। बीती रात जब आरोपी किशोर भोई के घर से कूलर और सीलिंग फैन चुराकर ले जा रहे थे, तभी ग्रामीणों ने उन्हें पकड़ लिया।

सूचना मिलते ही बणाई थाना की सब इंस्पेक्टर निताली मधुस्मिता स्वाईं मौके पर पहुँचीं और ग्रामीणों से पाँचों आरोपियों को अपने कब्जे में लिया। चोरों की निशानदेही पर पहले की चोरी में चुराए गए सामान भी बरामद हुए। इनमें किशोर भोई के घर से कूलर-पंखा, पूर्णचंद्र पात्र की किराना दुकान से नगद और सामान, सुबास चंद्र जिती के घर से धान-चावल, आंगनबाड़ी केंद्र से चावल और रथ किसान की बकरी घर से बकरा शामिल हैं। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार हो रही चोरियों से गाँव में भय और असुरक्षा का माहौल था, लेकिन इस बार उन्होंने मिलकर हिम्मत दिखाई और अपराधियों को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### हड़ताल के 25वें दिन चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था

# वित्त मंत्री से मिले कर्मचारी, जल्द मांगें पूरी करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 25वें दिन में प्रवेश कर गई। हड़ताल के चलते जिले सहित पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से प्रभावित हैं। टीकाकरण, टीबी-कुष्ठ जांच, पोषण पुनर्वास, महामारी नियंत्रण, गैर-संचारी रोग उपचार जैसी योजनाएं तथा प्राथमिक व उप स्वास्थ्य केंद्रों पर मिलने वाली बुनियादी सेवाएं लगभग ठप हो चुकी हैं। जिले के 845 कर्मचारी और प्रदेश भर के 16 हज़ार से अधिक एनएचएम कर्मी 18 अगस्त से नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। स्वास्थ्य संस्थाएं वर्षों से एनएचएम कर्मचारियों पर ही निर्भर रही हैं, इसलिए आमजनों को अब उपचार के लिए निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीण अंचलों में स्थिति और भी गंभीर बनी हुई है।


गीत गाकर विरोध जताते एनएचएन महिला कर्मचारी।

**स्थगित हुई मनोकामना यात्राः** गुरूवार को प्रस्तावित कर्मचारियों की मनोकामना यात्रा सुरक्षा कारणों और पुलिस बल की व्यस्तता के चलते स्थगित कर दी गई। संघ ने बताया कि अब यह यात्रा कल "वादों की बारात"कार्यक्रम के साथ भव्य रूप में निकाली जाएगी।

### सांस्कृतिक ढंग से जताया विरोध

धरना स्थल पर आज कर्मचारियों ने अपने आंदोलन को पारंपरिक और कलात्मक रूप दिया। माता के जश-गीत, विरोध कविताएं, एकता का संदेश देने वाले नाट्य-नृत्य और गीतों के माध्यम से उन्होंने शासन तक अपनी बात पहुँचाने की कोशिश की।

### वित्त मंत्री को सौंपा ज्ञापन

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नगर आगमन पर एनएचएम संघ के पदाधिकारियों ने उनसे मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मंत्री ने कहा कि "मोदी गारंटी के तहत किए गए वादों को पूरा किया जाएगा और आपकी मांगों पर गंभीरता से विचार हो रहा है।"

## जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बासनताला की छात्राओं ने लहराया परचम



**जशपुरनगर।** जिला स्तरीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दोनों वर्ग (अंडर-17 व अंडर-19) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन कांसाबेल में हुआ, जिसमें जशपुर जिले के आठ विकासखंडों के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल की टीमें शामिल हुई थीं। व्यायाम अनुदेशक मायाराम कुजूर के मार्गदर्शन में बासनताला की बालिका खिलाड़ियों ने शानदार तालमेल और जुझारूपन का परिचय देते हुए सभी मुकाबलों पर जीत दर्ज की। जिला स्तर पर सम्मानित विजेता टीमों का विद्यालय लौटने पर जोरदार स्वागत किया गया। प्राचार्य विनय प्रभा खलखो, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद रईसुल हसन खान सहित शिक्षकों ने खिलाड़ियों व अनुदेशक को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्राओं की कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और प्रशिक्षक के मार्गदर्शन का नतीजा है। विजेता खिलाड़ी अंडर-17 बालिका टीमः खुशबू बाई, रिया भगत, शिवानी भगत, रामकुमारी हसदा, मोनिका कुजूर, प्रेमिका बाई अंडर-19 बालिका टीमः चंद्रिका बाई, नेहा कुजूर, देवनंदिनी बाई, दिव्यारोष खाखा, तेजवंती बाई, गायत्री महतो इन बालिकाओं की जीत ने न केवल विद्यालय बासनताला बल्कि पूरे कुनकुरी विकासखंड का नाम रोशन किया है।



# नवाजुद्दीन ने ब्लाइंड बाबू की शूटिंग की शुरू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी अगली फिल्म 'ब्लाइंड बाबू' के लिए फिल्म निर्माता रवि वर्मा के साथ काम कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। बुधवार को निर्माताओं ने फिल्म के सेट से कुछ खास तस्वीरें शेयर की हैं। इस पोस्ट में पूरी टीम भी एक ग्रुप फोटो में दिखाई दे रही है। इन तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा है, 'अब बम फटेगा या कुछ और? उस अराजकता के लिए तैयार हो जाइए जो आपको रहस्य और डार्क कॉमेडी के साथ बांधे रखेगी... ब्लाइंड बाबू की यात्रा शुरू।'

लाइफ Style



# दीपिका
## बेटी दुआ का मनाया पहला जन्मदिन

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपनी बेटी दुआ का पहला जन्मदिन मनाया, जिसकी तस्वीर उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है। एक्ट्रेस ने बेटी के लिए खुद अपने हाथों से केक तैयार किया। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह की बेटी दुआ मंगलवार को एक साल की हो गई।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इसके एक दिन बाद, दीपिका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटी के पहले जन्मदिन के जश्न की प्यारी तस्वीर शेयर की है। इसमें घर का बनाया हुआ चॉकलेट केक नजर आ रहा है। अभिनेत्री ने ये पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'मेरी प्रेम भाषा? अपनी बेटी के पहले जन्मदिन के लिए केक बना रही हूं।' इसके साथ ही उन्होंने गुब्बारे इमोजी में लगाए हैं। इस तस्वीर के सामने आते ही कमेंट सेक्शन में सितारों से लेकर फैंस तक की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने लाल दिल वाला इमोजी बनाया है। इसके साथ ही यूजर्स ने भी दीपिका की बेटी को बर्थडे विश किया। साथ ही लोगों ने केक को भी पसंद किया।

दीपिका पादुकोण के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह निर्देशक एटली की अगली फिल्म में वे नजर आएंगी। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन लीड रोल में हैं। इस फिल्म का टाइटल तय नहीं है और अस्थाई तौर पर इसे 'एए22एक्सए6' कहा जा रहा है। मेकर्स ने एनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया था, जिसमें दीपिका पादुकोण को तलवारबाजी करते देखा जा रहा था। इससे साफ हो गया है कि अभिनेत्री इस फिल्म में एक्शन अवतार में दिखेंगी।

हॉलीवुड मसाला



# सौतेले बच्चों के संग मजबूत है रिश्ता

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की फेमस सिंगर जेनिफर लोपेज एक बार फिर चर्चा में हैं। वो अपने पति से तलाक ले चुकी हैं, लेकिन बेन एफ्लेक के बेटे के साथ उनका रिश्ता अभी भी मजबूत है। वो दोनों शॉपिंग करते हुए नजर आए। उनकी फोटोज वायरल हो रही है। मालूम हो कि बेन ने जेनिफर गार्डनर से भी शादी की थी। जेनिफर लोपेज और बेन एफ्लेक को दो साल की शादी के बाद अलग हुए एक साल से ज्यादा समय हो गया है। अपने रिश्ते के खत्म होने के बावजूद सिंगर की अपने एक्स हसबैंड के बच्चों के साथ अच्छी बॉन्डिंग है।




# मुझे लगा मैं कई साल से एक दायरे में बंधा रहा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर और डब्ल्यूडब्ल्यूई रेसलर ड्वेन जॉनसन को दुनिया 'द रॉक' के नाम से जानती है। अपनी पहाड़ जैसी कद-काठी और जबरदस्त बॉडी वाले ड्वेन ने बीते सबको चौंका दिया। अपकमिंग फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' के प्रीमियर पर एक्टर के नए दुबले-पतले लुक को देखकर हर कोई दंग रह गया। एक्टर ने अपने अब तक के कॅरियर में निभाए गए किरदारों और 'चिकन मैन' के रूप में अपने ट्रांसफॉर्मेशन पर कहा, 'मुझे लगा कि कुछ साल तक मैं एक ही दायरे में बंधा रहा। मैंने इसे होने दिया। मैंने पहले जो फिल्में बनाई थीं, मुझे वे बहुत पसंद हैं। मैं उन्हें फिर से बनाऊंगा। लेकिन, मैं बहुत उत्साहित हूं कि मुझे फिर से वैसा ही रूप बदलने का मौका मिलेगा जैसा 'मैं स्मैशिंग मशीन' में कर पाया था, क्योंकि इसका मतलब है कि मुझे कम चिकन खाना होगा।'



# बेटी के लिए कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश

**मुंबई।** आलिया भट्ट की जिंदगी मां बनने के बाद काफी बदल गई है, इस बात का असर उनकी फिल्मों की च्वाइस पर भी पड़ने लगा है। हाल ही में आलिया भट्ट ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह कॉमेडी फिल्म करना चाहती हैं। ऐसा वह अपनी बेटी के लिए करना चाहती हैं। आलिया ऐसी फिल्म करना चाहती है, जिसे बेटी राहा देख सके। आलिया एक कॉमेडी फिल्म करने की ख्वाहिश रखती हैं। वह कहती हैं, मैंने अब तक खुद कॉमेडी नहीं की है, इसलिए इस जॉनर की फिल्म करना चाहती हूं। मैं कुछ ऐसा तलाश कर रही हूं, जो मुझे इंस्पायर करे। आलिया भट्ट आगे कहती हैं, कुछ एक्साइटिंग चीजें मेरे पास आई हैं, अभी इनके बारे में बात नहीं कर सकती हूं। बस मैं सही डायरेक्शन में आगे बढ़ना चाहती हूं। आलिया भट्ट के करियर फ्रंट की बात की जाए तो वह इस साल ए 'अल्फा' कर रही हैं।




# कॉमेडी के साथ दिखेगी किसानों की कहानी

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर बुधवार को रिलीज हो गया है। फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब ट्रेलर सामने आने के बाद फैंस की फिल्म को लेकर उत्सुकता और भी बढ़ गई है। 3 मिनट 5 सेकंड के इस ट्रेलर में किसानों का दर्द दिखाया गया है। इस बार कहानी किसानों के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक बड़ा आदमी है, जो किसानों की जमीन हड़प रहा है। दूसरी ओर छोटे किसान हैं, जो अपनी जमीन बचाने के लिए जॉली के पास पहुंचते हैं। पहले जहां किसान अक्षय कुमार के पास पहुंचते हैं, वहीं बाद में गेम पलट जाता है। ट्रेलर देखकर ऐसा मालूम पड़ता है कि जॉली 1 यानी अरशद वारसी जहां किसानों का केस लड़ रहे हैं और किसानों के वकील हैं। वहीं, अक्षय कुमार उस बड़े आदमी यानी गजराज राव के वकील हैं।

टीवी मसाला



# टॉक शो टू मच 25 सितंबर को होगा शुरू

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री काजोल और ट्विंकल खन्ना एक नया टॉक शो लेकर आ रही हैं। नाम है 'टू मच विद काजोल और ट्विंकल'। यह नया टॉक शो आगामी 25 सितंबर से अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने वाला है। शो की स्ट्रीमिंग डेट के बारे में जानकारी देते हुए मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। काजोल और ट्विंकल के इस टॉक शो को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। इस शो में सेलेब्स गेस्ट होंगे, जिनसे ये दोनों अभिनेत्रियां बात करेंगी और सवाल करेंगी। हालांकि, अभी तक गेस्ट्स को लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन बीच में ऐसी चर्चाएं चली थीं कि ट्विंकल-काजोल के शो के पहले गेस्ट सलमान खान और आमिर खान हो सकते हैं। हालांकि, ये अभी तक कंफर्म नहीं है। इसके अलावा शो में करण जौहर, जान्हवी कपूर, अक्षय कुमार और अजय देवगन के भी शामिल होने की चर्चाएं हैं। हालांकि, अभी तक किसी भी नाम की कंफर्मेशन सामने नहीं आई है। इस टॉक शो से इतर वर्कफ्रंट की बात करें तो काजोल हाल ही में ओटीटी पर आई फिल्म सरजमीं में नजर आई थीं। इसमें उनके साथ इब्राहिम अली खान और पृथ्वीराज सुकुमारन भी अहम भूमिका में नजर आए थे। इसके अलावा वो 'मां' फिल्म में भी नजर आई थीं। ये एक हॉरर फिल्म थी। वहीं ट्विंकल खन्ना फिल्मों से दूर है। वो एक लेखक के तौर पर काम करती हैं।

## 20-20 कॉल करके मुझे फिल्मों से निकाला

**नई दिल्ली।** बीते दिनों कुनिका सदानंद ने तान्या मित्तल की परवरिश पर टिप्पणी की थी। बिग बॉस 19 के नवीनतम एपिसोड में सिंगर अमाल मलिक ने कुनिका वाले विवाद पर अपने साथी घरवालों के साथ बैठकर बात की। साथ ही बताया कि कैसे उनकी ईमानदारी और स्पष्ट स्वभाव ने अक्सर इंडस्ट्री में उनके खिलाफ काम किया। उन्होंने खुलासा किया कि कई बार ताकतवर लोगों ने उन्हें बॉलीवुड से बाहर करने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने हमेशा अपने संगीत के जरिए मजबूती से वापसी की। अमाल मलिक ने अपने साथी कंटेस्टेंट से कहा, 'देखो भाई, पहली बार मुझे इस शो में आके बुरा लग रहा है, क्योंकि मुझे एक खास तरीका बताया गया है। बड़े आए बड़े गए। बहुत बोला, कहां है कि खतम कर देंगे तुम्हें, देखते हैं कहां तक चलोगे इस इंडस्ट्री में। 20-20 कॉल करके बड़े-बड़े एक्टर्स प्रोड्यूसर्स ने फिल्मों से निकाला है, फिर भी यहीं खड़ा हूं और कल फिर हिट दूंगा। फिर आएंगे भाई गाना दे दो।'



# रेखा की मां ने पाकिस्तानी क्रिकेटर संग बुने थे बेटी की शादी के ख्वाब

**नई दिल्ली।** रेखा बचपन से ही फिल्मों में एक्टिव रही हैं। उन्होंने तेलुगु फिल्म इंटी गुट्टू और रंगूला रत्नम में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। हिंदी सिनेमा में आने से पहले बतौर युवा अभिनेत्री उन्होंने साल 1969 में 'ऑपरेशन जैकपॉट' की थी, जो कन्नड़ भाषा में बनी फिल्म थी। हिंदी सिनेमा में एवरग्रीन स्टार रेखा को पहला ब्रेक फिल्म सावन भादो से मिला था, जिसमें उन्होंने चंदा का किरदार अदा किया था। जैसे-जैसे वह अपने कॅरियर में आगे बढ़ती गईं, उनकी फिल्मों के साथ-साथ उनकी निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा होती गई। विनोद मेहरा से लेकर अमिताभ बच्चन और अक्षय कुमार जैसे कई सितारों के साथ रेखा का नाम जुड़ा। हालांकि, आपको ये जानकर हैरानी होगी की रेखा की मां पुष्पावल्ली मुकेश या अमिताभ बच्चन को नहीं, बल्कि एक पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर को अपना दामाद बनाना चाहती है। ऐसा हम नहीं, बल्कि 40 साल पुराना पोस्ट बता रहा है।

### इमरान खान संग मिलाई थी कुंडली?

1980 में रेखा बॉलीवुड के शिखर पर बैठी थीं और उनके रोमांस के चर्चे हर किसी की जुबान पर थे।1985 में स्टार रिपोर्ट ने एक खबर छापी थी, जिसमें रेखा और पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर और राजनेता इमरान खान के बीच रिश्ते का जिक्र किया गया था। जर्नल ने अपने स्टेटमेंट में ये भी दावा किया था कि रेखा की मां पुष्पावली को लगता था कि उनकी बेटी के लिए इमरान खान से अच्छा मैच कोई नहीं हो सकता। ऐसा बताया गया कि एक्ट्रेस की मां दिल्ली आईं और उन्होंने नजूमी (ज्योतिष) से मुलाकात की। रेखा की मां ये जानना चाहती थीं कि इमरान उनकी बेटी के लिए आइडियल मैच हैं या नहीं। नजूमी ने उनसे क्या कहा ये तो किसी को नहीं पता, लेकिन एक्ट्रेस की मां को ये क्लियर हो गया कि वह भविष्य में उनके परिवार का हिस्सा जरूर बनेंगे।




### 1980 में हुई थीं स्पॉट?

इस रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि दोनों के बीच दोस्ती से आगे का रिश्ता था। उस समय पर जिन्होंने रेखा और इमरान को साथ में कभी बीच पर और कभी शूटिंग के सेट पर एक-दूसरे की कम्पनी एन्जॉय करते हुए देखा, जिससे उन्होंने इस बात को मान लिया की वह एक-दूसरे के प्यार में डूबे हुए हैं। उस रिपोर्ट में ये दावा किया गया था कि 1980 के दौर में कई बार रेखा को इमरान खान के साथ घूमते हुए देखा गया है, जिसने उनकी बॉन्डिंग के बीच आग में घी का काम किया और दोनों की शादी की खबरें तेज हो गईं। हालांकि, रेखा या पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर ने कभी भी उड़ रही अफवाहों पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

# सोनू निगम ने शेयर की बिजुरिया गाने की 26 साल पुरानी तस्वीरें

**मुंबई।** वरुण धवन और जान्हवी कपूर अभिनीत 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी', जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बीते कुछ दिन पहले फिल्म का 'बिजुरिया' गाना रिलीज हुआ, जो काफी ट्रेंड कर रहा है। यह गाना साल 1999 में सोनू निगम द्वारा पहली बार गाया गया था, अब इसका रीक्रिएशन किया गया है। गायक ने सोशल मीडिया पर पर अपने ओरिजनल सॉन्ग की शूटिंग के दौरान के कुछ खूबसूरत पलों को साझा किया है। जिसमें वह संगीतकार रवि पवार और अन्य लोगों के साथ नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों में सभी काफी मौज-मस्ती के साथ गाना रिकॉर्ड कर रहे हैं। अगर सोनू निगम की बात करें, तो वो काफी मासूम लग रहे हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हुए गायक ने कैप्शन में लिखा, '26 साल पहले बिजुरिया बनाते समय हमें नहीं पता था कि यह गाना समय की कसौटी पर खरा उतरेगा और कैसे? चिल्लाना, सीटियां बजाना, ऐसी बातें कहना जिनकी पिछली कहानियां केवल हम जानते थे। हंसना, नकल करना, सीखना और सबसे बढ़कर लंबे समय तक चलने वाला संगीत बनाना और क्या-क्या। मेरे प्यारे रवि भाई, तरुण भाई और स्वर्गीय अजय भाई, हमने यह सब इतनी सकारात्मकता और मासूमियत के साथ किया। इतनी खूबसूरत यात्रा के लिए भगवान का शुक्रिया। एक बार फिर बिजुरिया का आनंद लें।'





## रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा का मिलेगा जबरदस्त एंटरटेनमेंट

# इस हफ्ता ओटीटी पर रिलीज हो रही हैं ये सीरीज और फिल्में

***नई दिल्ली।*** *ओटीटी प्रेमियों के लिए सितंबर का यह हफ्ता जबरदस्त एंटरटेनमेंट लेकर आया है। टॉप साउथ और बॉलीवुड फिल्मों के साथ-साथ कई वेब सीरीज और रोमांटिक-कॉमेडी शो भी इस हफ्ते ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज हो रही हैं।*



**सैयारा** : अहान पांडे और अनीत पड्डा की फिल्म सैयारा थिएटर्स में धूम मचाने के बाद अब 12 सितंबर को स्ट्रीम होगी। इस फिल्म की कहानी वाणी (अनीत) और कृष (अहान) के इर्द-गिर्द घूमती है। इस फिल्म ने इंडियन बॉक्स ऑफिस से 329 करोड़ और वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस से 570 करोड़ का कलेक्शन किया था।

**कुली** : सुपरस्टार रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड फिल्म कुली 400 करोड़ के बजट में बनी और फिर सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म ने 25 दिन में 284 करोड़ का नेट बिजनेस किया। वहीं अब यह फिल्म 11 सितंबर से प्राइम वीडियो पर तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़ (फिलहाल हिंदी नहीं) में स्ट्रीम होगी।



**डू यू वाना पार्टनर** : तमन्ना भाटिया, डायना पेंटी और जावेद जाफरी की यह कॉमेडी-ड्रामा सीरीज 12 सितंबर को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**द गर्लफ्रेंड** : साइकोलॉजिकल थ्रिलर वेब सीरीज द गर्लफ्रेंड मिशेल फांसेस के उपन्यास पर आधारित है। छह एपिसोड्स वाली ये सीरीज 10 सितंबर से प्राइम वीडियो पर देखी जा रही है।



**द डेड गर्ल्स** : अल्फोंसो हेरेरा, पॉलिना गैटन और जोआक्विन कोसियो स्टारर यह क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 10 सितंबर से उपलब्ध होगी।

**द रॉन्ग पेरिस** : मिरांडा कॉसग्रोव और पियर्सन फोडे की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 12 सितंबर से नेटफिलक्स पर स्ट्रीम होगी।



**रैम्बो इन लव** : तेलुगू रोमांटिक कॉमेडी सीरीज 'रैम्बो इन लव' एक बदकिस्मत लेकिन, नेकदिल लड़के और उसकी एक्स गर्लफ्रेंड पर आधारित है। ये 12 सितंबर के दिन जियोहॉटस्टार पर दस्तक देगी।

**टास्क** : 'मेयर ऑफ ईस्टटाउन' के मेकर्स की नई क्राइम-ड्रामा वेब सीरीज एचबीओ और मैक्स पर रिलीज हो गई है।

**ब्यूटी इन ब्लैक सीजन 2** : ग्लैमर और फैमिली पावर स्ट्रगल पर आधारित इस सफल सीरीज का नया सीजन 11 सितंबर से स्ट्रीम होगा।

## खबर संक्षेप



### प्राशा दहिदा में न्योता भोजन का आयोजन

**कटेली।** शासकीय प्राथमिक शाला दहिदा में बुधवार को विशेष न्योता भोजन का आयोजन किया गया। विद्यालय की सक्रिय एवं ऊर्जावान प्रधान पाठक, राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षिका प्रियंका गोस्वामी के कुशल नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम ने विद्यालय परिवार को एकजुटता और सामुदायिक सहयोग का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन राहुल भारती द्वारा अपने पिता स्व. अन्नु प्रसाद भारती के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर किया गया। राहुल भारती स्वयं इसी विद्यालय के छात्र रह चुके हैं और कक्षा पहली से पाँचवीं तक की पढ़ाई यहीं से पूरी की थी। सरकारी स्कूल से पढ़कर आगे बढ़ने के बावजूद आज भी विद्यालय से जुड़े रहना और अपने पिता की स्मृति में 59 बच्चों को खीर-पूड़ी खिलाना, समाज के लिए अनुकरणीय मिसाल बन गया। विद्यालय के शिक्षकों और ग्रामीणों का मानना है कि इस तरह की पहल से न केवल बच्चों में उत्साह बढ़ता है बल्कि सरकारी स्कूलों के प्रति समुदाय का भरोसा भी मजबूत होता है। प्रधान पाठक प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि यह आयोजन विद्यालय और समाज के बीच गहरे रिश्ते का प्रतीक है, जो शिक्षा की नींव को और मजबूत करेगा। इस अवसर पर सहायक शिक्षक एल.बी. असरिता टोप्पो, संजय कुमार मिश्रा, आयोजनकर्ता राहुल भारती, सागर भारती, रसोईया ललिता खूंटे, राजू खूंटे, दीपेंद्र खूंटे, पिंटू भारती, चन्द्रकुमार भारद्वाज, दीपतेश भारती और गोविंद भारती उपस्थित रहे।

### सारंगढ़ में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

**कटेली।** आबकारी आयुक्त सुश्री आर. संगीता के निर्देश और कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे तथा जिला आबकारी अधिकारी संतराम वर्मा के मार्गदर्शन में मंगलवार को सारंगढ़ में बड़ी कार्रवाई की गई। अवैध कच्ची महुआ शराब के विरुद्ध अभियान चलाते हुए आबकारी विभाग ने ग्राम गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर दबिश दी और भारी मात्रा में शराब व लाहन जब्त किया। सूचना के आधार पर विशालपुर वार्ड नंबर 5, सारंगढ़ में आरोपी कृष्ण कुमार टंडन के मकान पर छापा मारा गया। तलाशी में तीन बड़े प्लास्टिक पन्नियों में 10-10 लीटर, दो प्लास्टिक डिब्बों में 15-15 लीटर, इस तरह कुल 60 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। इसके अलावा 33 प्लास्टिक बोरियों में भरे 660 किलोग्राम महुआ लाहन भी मौके से जब्त किए गए। बरामद शराब को मौके पर परीक्षण कर कब्जे आबकारी में लिया गया। वहीं महुआ लाहन, जो परिवहन योग्य नहीं था, उसका नमूना लेकर शेष नष्ट कर दिया गया। आरोपी कृष्ण कुमार टंडन के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क, च, 34(2) व 59क के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया।

### मातृ वंदना से पहली संतान पर 5 और दूसरी पर 6 हजार

**सारंगढ़।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत पहली संतान के लिए दो किस्तों में 5,000 रूपए और दूसरी बालिका के जन्म के बाद एक किस्त में 6,000 रूपए की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इस योजना का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं में स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार में सुधार लाना और देश भर में बेहतर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुनिश्चित करना है। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिले के सभी नागरिकों से अपील किया किए वे इस योजना की जानकारी अपने मोहल्ले, गांव, शहर रिश्तेदार आदि को प्रदान करें ताकि वे भी इस योजना का लाभ उठा सकें। इस योजना के लाभ के लिए गर्भवती महिलाओं को अपने आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर पंजीयन कराना होगा। उल्लेखनीय है कि स्वस्थ जच्चा बच्चा और बेटी बच्चों बेटी पढ़ाओ को मूर्त रूप देने के लिए कई योजनाएं संचालित है,उन्हीं में से एक महिला एवं बाल विकास विभाग, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना है।

### दुर्गा उत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक

# दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस-प्रशासन का कड़ा संदेश, पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था अनिवार्य






**आयोजकों ने कहा निर्देशों का करेंगे पालन**

यह बैठक इस बात पर जोर देने के लिए आयोजित की गई थी कि नवरात्र उत्सव में सभी समितियों द्वारा माता दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना, पूजा-अर्चना और विसर्जन को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और समाजोपयोगी ढंग से संपन्न किया जाए। अधिकारियों ने आयोजकों को स्पष्ट किया कि सुरक्षा, साफ-सफाई और यातायात की सही व्यवस्था सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में नवरात्र उत्सव के सुरक्षित और व्यवस्थित आयोजन को लेकर आज 10 सितंबर को पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम ने की। इस बैठक में प्रशासन, पुलिस, नगर निगम के अधिकारी और शहर के विभिन्न दुर्गा आयोजन समितियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

बैठक में प्रत्येक समिति प्रमुख से उनके कार्यक्रमों की जानकारी ली गई। शहर की अधिकांश समितियां पंचमी (26 सितंबर) से प्रतिमाएं स्थापित करने की योजना बना रही हैं। कई समितियों ने बताया कि वे कलश यात्रा और करमा नृत्य के माध्यम से प्रतिमाओं को पंडालों तक लाएंगी। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि ऐसे आयोजनों की जानकारी यातायात पुलिस और संबंधित थानों को पूर्व में दी जाए, ताकि भीड़ और यातायात की उचित व्यवस्था की जा सके।

**अधिकारी और समितियों के सदस्य शामिल**

उप पुलिस अधीक्षक यातायात उत्तम प्रताप सिंह, नगर निरीक्षक सुखनंदन पटेल, नगर निगम के सुरेंद्र प्रताप, कुमार यादव, सूरज देवांगन सहित विभिन्न थाना क्षेत्रों के आयोजक सदस्य बैठक में उपस्थित थे। बैठक में शामिल प्रमुख क्षेत्रों में हंडी चौक, सत्तीगुड़ी चौक, कोतरारोड, हटरी चौक, राजीव नगर, रामभांठा, धोबी पारा, जोगीडिपा, इंदिरा नगर, गांजा चौक, बुढ़ी माई दुर्गा उत्सव, आदर्श कला समिति, पुलिस लाइन गौशाला पारा, किरोड़ीमल नगर, चिराईपानी, जिंदल गेट, पतरापाली, गोरखा, भगवानपुर, कलमी, बालमगोड़ा, तारापुर, नंदेली कोसमनारा, धनागर, कुसमुरा, कोतरा, अंबेडकर चौक, पंजरी प्लांट, टीवी टावर, पहाड़ मंदिर, केलो विहार, चक्रधर नगर चौक, बेलादुला, विजयपुर, कृष्ण वाटिका और जूटमिल शामिल हैं।

**पंडालों में ऐसी होनी चाहिए व्यवस्था**

- पंडालों में सुरक्षित अस्थायी बिजली कनेक्शन का उपयोग करें।
- सभी पंडालों में डस्टबीन रखें और सफाई व्यवस्था बनाएँ।
- भीड़ नियंत्रण के लिए वालंटियर तैनात किए जाएं। सड़क पर वाहनों की पार्किंग न हो।
- गरबा, डांडिया और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी संबंधित थानों को दें।
- नवरात्र के दौरान मांस वितरण पर रोक लगाने के लिए आवेदन करें।
- पंडालों में अश्लील या फूहड़ गीत न बजाएं।
- रात में पंडाल की सुरक्षा के लिए समिति के कम से कम दो सदस्य उपस्थित रहें।

**पंडाल आकार पर दिशानिर्देश**

डीसीपी ट्रैफिक ने कहा कि पंडाल का आकार ऐसा न हो कि मुख्य सड़कों पर यातायात बाधित हो। इसके साथ ही शहर में कई स्थानों पर प्रतिमाएं स्थापित होती हैं, इसलिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

**दो तालाबों में कर सकते हैं विसर्जन**

नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि दुर्गा विसर्जन के लिए विजयपुर और टुर्कुमुडा तालाब चिन्हित किए गए हैं। इसके अलावा, समितियों की अन्य स्थानों पर विसर्जन की मांग पर निगम ने पूर्व में आवश्यक व्यवस्था करने का आश्वासन दिया।

## पत्नी की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा



अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा की अदालत ने तमनार थाना क्षेत्र की एक सनसनीखेज हत्या के मामले में आरोपी अनिरुद्ध धनवार को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 1000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला लंबे विचारण और सभी गवाहों के बयान दर्ज करने के बाद सुनाया गया।

■ घरघोड़ा न्यायालय ने सुनाया फैसला

मामला 14 सितंबर 2019 की रात का है, जब लाल डीपा आमा घाट में शांति धनवार अपने घर पर थी। उसी समय उसके पति अनिरुद्ध धनवार से किसी बात को लेकर विवाद हुआ। गुस्से में आकर आरोपी ने पत्नी शांति धनवार पर टांगी से वार कर दिया। शांति गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रार्थी पुसाउ धनवान ने पुलिस को दी गई अपनी रिपोर्ट में बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर वह मौके पर पहुँचा और अपनी बेटी को लहूलुहान हालत में पाया। तत्काल उसे तमनार अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से जिला अस्पताल रायगढ़ रेफर किया गया। इलाज के दौरान 25 अक्टूबर 2019 को शांति धनवार की मौत हो गई। घटना के बाद थाना तमनार पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 307 एवं 302 भारतीय दंड संहिता के तहत अपराध दर्ज किया और विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने साक्ष्यों, गवाहों और दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। इस प्रकरण में शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने पैरवी की और आरोपी को दोषी साबित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### भारी मात्रा में गांजा जब्त, तीन तस्कर धरे गए

**राउरकेला।** जिले में नशे के खिलाफ पुलिस की लगातार कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। रघुनाथपाली सेक्टर-7 में गांजा पकड़े जाने के बाद अब ब्राह्मणी तरंग थाना पुलिस ने बुधवार, 10 सितंबर को गश्त के दौरान एक और बड़ी तस्करी का भंडाफोड़ किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आईडीसी क्षेत्र में एक व्यक्ति गांजा लेकर बिक्री के लिए जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और सत्रुघ्न प्रधान (52 वर्ष), निवासी आईडीसी कुलुंगा, राउरकेला को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक प्लास्टिक बोरी में करीब 2.5 किलो गांजा बरामद हुआ। कार्रवाई कार्यपालक दंडाधिकारी और स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में की गई। जब्त गांजा को सुरक्षित रखते हुए आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) पप के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## बोंदा में सचिव की मनमानी उजागर कलेक्टर से कार्रवाई की मांग

**कटेली।** रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बोंदा के पंचायत सचिव सुनील तिवारी पर ग्रामीणों ने राशन गबन करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा एपीएल और बीपीएल परिवारों को सस्ती दर पर उपलब्ध कराए जाने वाले राशन का तीन माह से वितरण ही नहीं किया गया।

■ तीन महीने का राशन नहीं मिलने का आरोप



ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार निवेदन के बावजूद सचिव ने अपनी मनमानी जारी रखी, जिससे मजबूरन लोगों को कलेक्टर को लिखित शिकायत देनी पड़ी। शिकायत में कहा गया है कि पंचायत सचिव तिवारी पिछले 15-20 वर्षों से बोंदा पंचायत में जमे हुए हैं और लगातार राशन वितरण में लापरवाही बरतते आ रहे हैं। समय पर वितरण न होने से कई बार ग्रामीणों और वितरण समिति के बीच विवाद की स्थिति तक बन चुकी है। ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे गए पत्र में बताया कि शासन के आदेश के अनुसार तीन माह पूर्व चावल का वितरण होना था, लेकिन अब तक आधे से ज्यादा हितग्राहियों को चावल नहीं मिला है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से कार्रवाई की मांग की है।

### तलवार लहराने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बाराद्वार।** तलवार को हाथ में लेकर लहराते हुए आम लोगों को डराने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बुधवार 10 सितंबर को वार्ड क्रमांक 03 बाराद्वार के किशोर राठौर उर्फ केशव राठौर के द्वारा केडिया चाल बाराद्वार के पास हाथ में रखकर लोहे के तलवार को लहराते हुए आम लोगों को डराधमका रहा है। सूचना पर तत्काल थाना बाराद्वार पुलिस द्वारा घटनास्थल जाकर आरोपी किशोर राठौर उर्फ केशव राठौर पिता स्वर्गीय संतोष राठौर उम्र 22 साल निवासी वार्ड क्रमांक 3 बाराद्वार से एक लोहे के तलवार को गवाहों के समक्ष जप्त कर उक्त आरोपी को धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### संस्कार के विद्यार्थियों का सीएम के हाथों सम्मान

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में श्रम विभाग द्वारा श्रमिक बच्चों के लिए संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्कार पब्लिक स्कूल के चयनित विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दीं। संस्कार पब्लिक स्कूल अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता और व्यक्तित्व विकास कार्यक्रमों के लिए विख्यात है। इसी कारण विद्यालय का चयन इस योजना के लिए किया गया। यहाँ पढ़ने वाले श्रमिक बच्चों को अब सीबीएसई और आईसीएसई पाठ्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना से निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए शिक्षा का एक नया द्वार खुला है। यह योजना उनके भविष्य को नई दिशा देगी। उन्होंने घोषणा की कि अगले शैक्षणिक सत्र से इस योजना का लाभ 200 बच्चों को मिलेगा।

## 53 डिसमिल भूमि पर कब्ज़ा छुपाने का आरोप, जांच में फंसीं एसडीओ

**कटेली।** सारंगढ़ वन विभाग सामान्य में पदस्थ एसडीओ अमिता गुप्ता की कार्यप्रणाली पर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं। छह महीने पहले जिस प्रकरण को वन विभाग ने यह कहते हुए रफा-दफा कर दिया था कि कोई वन भूमि प्रभावित नहीं हुई। उसी मामले की पुनः जांच में बड़ा खुलासा हुआ है।

■ वन विभाग की जांच में बड़ा खुलासा, एसडीओ पर लीपापोती का आरोप

जांच में सामने आया है कि ग्राम हट्टापाली में किसान योगेश पटेल ने निजी भूमि के साथ-साथ वन विभाग और शासकीय भूमि पर भी अतिक्रमण किया। इस दौरान वन विभाग की 11 डिसमिल भूमि और 42 डिसमिल शासकीय ऑरेंज एरिया कब्जे में पाए गए। इतना ही नहीं सीपीडब्ल्यू (कृषि संरक्षित दीवार) को 8 मीटर तक तोड़कर खेत बनाया गया। जबकि पहले एसडीओ अमिता गुप्ता ने कहा था कि कोई सीपीडब्ल्यू नहीं टूटा है। यह मामला छह महीने पुराना है। जब वन विभाग ने अतिक्रमण की सूचना पर दबिश देकर जेसीबी और ट्रैक्टर जप्त किए थे। वाहन तीन महीने तक विभाग की अभिरक्षा में रहे। लेकिन बाद में मामूली मुआवजा लेकर उन्हें छोड़ दिया गया। सूत्रों का दावा है कि मोटी रकम लेकर मामला दबा दिया गया। रेंजर सेवक राम बैगा ने मामले की पूरी फाइल एसडीओ को सौंपी थी। इसके बाद एसडीओ ने अपनी रिपोर्ट में वनभूमि से इंकार करते हुए राजस्व विभाग को मामला सौंप दिया। लेकिन पुनः जांच में वनभूमि और ऑरेंज एरिया दोनों प्रभावित पाए गए। इससे साफ जाहिर होता है कि पहले की जांच में भारी अनियमितता की गई और सच को दबाने की कोशिश की गई।



**पद और पावर का दुरुपयोग**

वन विभाग के अधिकारी जिनके जिम्मे जंगल और शासकीय भूमि की सुरक्षा है। वही यदि अपनी पद और पावर का दुरुपयोग कर सच को छिपाने लगें तो विभाग की साख पर गंभीर सवाल खड़े होना लाजमी है। 53 डिसमिल भूमि पर अतिक्रमण और पौधरोपण का नुकसान इस भ्रष्टाचार की गवाही दे रहा है। अब देखना यह होगा कि शासन-प्रशासन ऐसे अधिकारियों पर कब और कैसी सख्त कार्रवाई करता है।

## रासेयो स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध शासकीय महाविद्यालय तमनार के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा बरभांटा चौक से तमनार स्टैंड तक रैली निकाली गई।

स्वयंसेवकों ने स्लोगन, पोस्टर के माध्यम से छत्तीसगढ़ की विशेषताओं को उजागर किया। स्वयंसेवकों द्वारा तहसील कार्यालय के नजदीक एवं तमनार बस स्टैंड पर नुक्कड नाटक की प्रस्तुति दी गई। नुक्कड नाटक के माध्यम से स्वयंसेवकों ने छत्तीसगढ राज्य निर्माण के पूर्व एवं बाद के अंतर को रेखांकित करते हुए पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ में हुए विकास कार्यों का उल्लेख किया एवं छत्तीसगढ़ राज्य के हेतु सभी को एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया। तत्पश्चात मुस्कान एवं साथी द्वारा छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को प्रदर्शित करते सुआ नृत्य एवं निर्मल एवं समूह द्वारा राउत नाचा प्रस्तुत किया गया।



## सरिया में सातवां विशाल रक्तदान शिविर 14 को

**सरिया।** नगर के अग्रसेन भवन में रक्तवीर परिवार सरिया के तत्वावधान में आगामी 14 सितंबर को सातवां विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर को लेकर नगर और आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है। अब तक 300 से अधिक रक्तवीर पंजीयन करा चुके हैं, और उम्मीद जताई जा रही है कि शिविर में यह संख्या बढ़कर 400 से भी अधिक हो सकती है।

■ 300 से अधिक रक्तवीरों ने कराया पंजीयन, कलेक्टर व एसपी भी होंगे शामिल




कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ डॉ. संजय कन्नौजे ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस शिविर में पहुँचकर अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करें। वहीं, पुलिस अधीक्षक ने भी रक्तदान करने की सहमति देते हुए अपना समर्थन जताया है। नगर पंचायत अध्यक्ष एवं रक्तवीर परिवार के संयोजक कमलेश अग्रवाल ने बताया कि शिविर को सफल बनाने के लिए टीम के सभी सदस्य सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और सरिया के लोग इस कार्य में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। इसके पहले भी यहाँ छठवां रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है, जिसमें नगर और अंचल के लोगों ने बड़ी संख्या में रक्तदान किया था। बरमकेला क्षेत्र की समाजसेवी रतन शर्मा ने भी लोगों से अपील करते हुए कहा कि रक्तदान एक पुनीत कार्य है, इससे जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। सरिया के इस शिविर में अधिक से अधिक लोग शामिल होकर रक्तदान अवश्य करें।

### 101–125 बैंड में शामिल, शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान

## एनआईआरएफ रैंकिंग में ओपीजेयू को बेहतर स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

ओपी जिंदल विश्वविद्यालय (ओपीजेयू) रायगढ़ के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने एक नई उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क एनआईआरएफ इंडिया रैंकिंग्स 2025 में विश्वविद्यालय को मैनेजमेंट श्रेणी में 101–125 बैंड में स्थान प्राप्त हुआ है।




भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एनआईआरएफ रैंकिंग देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों की शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान, संकाय-संसाधन, ग्रेजुएट आउटकम्स, आउटरीच व समावेशन और धारणा जैसे मानकों के आधार पर तय की जाती है। इस अवसर पर ओपीजेयू के कुलपति डॉ. आर. डी. पाटीदार ने छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए एक अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। यह उपलब्धि शिक्षकों की मेहनत, छात्रों की प्रतिबद्धता और हमारे शिक्षण व शोध के उच्च मानकों का परिणाम है। हम अपने शिक्षण कार्यक्रमों को उद्योगोन्मुखी, नवाचार-प्रेरित और सामाजिक रूप से उत्तरदायी बनाने की दिशा में निरंतर कार्यरत हैं। डॉ. पाटीदार ने बताया कि विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति 2020 के दिशा-निर्देशों को अपनाते हुए लचीले और बहुविषयी शिक्षण मॉडल की ओर अग्रसर है। यहाँ छात्रों को किताबों तक सीमित शिक्षा नहीं, बल्कि केस स्टडीज, लाइव प्रोजेक्ट्स और इंडस्ट्री इंटरफेस के माध्यम से वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार किया जाता है। उन्होंने विशेष रूप से जिंदल स्टील के चेयरमैन नवीन जिंदल और विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती शालू जिंदल के प्रति आभार जताया और कहा कि उनके सतत मार्गदर्शन व शिक्षा के प्रति समर्पण से ही ओपीजेयू आज गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बन सका है।

### श्रीराम महिला कॉलेज में मनाई गई रजत जयंती

**सारंगढ़।** श्री राम महिला कॉलेज सारंगढ़ में रजत जयंती महोत्सव बड़े उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिताएँ और पुरस्कार वितरण जैसे विविध आयोजन हुए। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि कॉलेज की पूर्व छात्राएँ भी इसमें शामिल हुईं और अपने अनुभव साझा किए। कॉलेज परिवार के लिए यह अवसर ऐतिहासिक रहा क्योंकि रजत जयंती उत्सव ने न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच दिया बल्कि संस्थान के गौरवशाली सफर में एक नया अध्याय भी जोड़ा। इस मौके पर महाविद्यालय के संचालक ठाकुर , श्रीमती ठाकुर, श्री कवर, प्रभारी प्राचार्य श्रीमती धनेश्वरी पटेल समेत शिक्षण स्टाफ शामिल रहे।

